उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 83/2020/2238/ छप्पन-2020-62/2011
लखनऊ, दिनांक: 27 नवम्बर, 2020

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन इकाई एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1426/छप्पन-2011-26/08 टी0सी0, दिनांक 11 नवम्बर, 2011 के द्वारा श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह को प्रवक्ता (एयरो) के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपए 31,000/- (रूपए इकतीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दिनांक 30 नवम्बर, 2011 को कार्यभार ग्रहण किया था। तदोपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढ़ायी जाती रही है। अंतिम बार कार्यालय-ज्ञाप संख्या: 104/2019/2069/छप्पन-2019-62/2011, दिनांक 13 नवम्बर, 2019 द्वारा श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा अवधि दिनांक 30 नवम्बर, 2019 से अग्रेत्तर 01 वर्ष (अर्थात 29 नवम्बर, 2020 तक) के लिए बढ़ायी गयी थी।

2- अतः निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल प्रवक्ता (एयरो) के पद पर कार्यरत श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा अवधि दिनांक 30 नबम्बर, 2020 से अग्रेत्तर 01 वर्ष (अर्थात 29 नवम्बर, 2021 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रु0 67,218/- (रूपए सरसठ हजार दो सौ अठ्ठारह मात्र) एवं अनुमन्य वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि (यथा समय) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निदेशक, नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी 01-01 प्रति उन्हें एवं शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव।

श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रवक्ता (एयरो),
एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।